हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
बरमकेला ब्लॉक के 43 स्कूलों का भवन ही नहीं, पंचायतों में लग रही क्लास



## सरगुजा संभाग के जॉइंट डायरेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

# जेडी ने दिए 108 के टीएमटी को हटाने के निर्देश, बीएमओ को नोटिस

### गंदी चादरें, अव्यवस्थित दवा स्टोर और बदहाल वार्ड व्यवस्था पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सरगुजा संभाग के जॉइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने बुधवार को सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बदहाल व्यवस्था, कर्मचारियों की लापरवाही और मरीजों के प्रति उदासीन रवैया देखकर कर्मचारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों ने पूरे स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

**खास बातें**
- एडवांस में भरे गए अटेंडेंस रजिस्टर ने उड़ाए होश

निरीक्षण के दौरान सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब जॉइंट डायरेक्टर ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। रजिस्टर में कई कर्मचारियों ने आने वाले दिनों के लिए पहले से ही हस्ताक्षर कर रखे थे। जबकि कुछ कर्मचारियों के कई दिनों से हस्ताक्षर ही नहीं थे। यह देखकर जेडी हैरान रह गए और मौके पर ही बीएमओ को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश दिए। प्रसूति वार्ड का निरीक्षण करते हुए जॉइंट डायरेक्टर ने अस्पताल में कम प्रसव संख्या पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अस्पताल में केवल 26 डिलीवरी होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने स्टाफ नर्सों को प्रतिदिन तीन से चार बार डिलीवरी कक्ष की सफाई सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने के निर्देश दिए।

वार्ड निरीक्षण के दौरान मरीजों को लगाए गए कैनुला की स्थिति देखकर जॉइंट डायरेक्टर भड़क उठे। उन्होंने स्टाफ नर्सों से कैनुला लगाने की प्रक्रिया के संबंध में सवाल पूछे तो कई नर्स जवाब नहीं दे सकीं। इस पर उन्होंने बीएमओ से कहा कि यदि स्टाफ को बुनियादी चिकित्सा प्रक्रिया का ज्ञान नहीं है तो तत्काल पुनः प्रशिक्षण कराया जाए। अस्पताल के दवा स्टोर में नई-पुरानी दवाइयां अव्यवस्थित ढंग से रखी मिलीं।

जॉइंट डायरेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी दवाओं को लेबलिंग कर सुव्यवस्थित रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वार्ड में गंदी चादरों और अव्यवस्था को देखकर भी उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।





### शराब खोरी की शिकायत पर हटाए गए गार्ड

श्री शुक्ला ने कहा कि मरीज को अनावश्यक रूप से निजी अस्पतालों की ओर भेजना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमीशनखोरी की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। स्थानीय नागरिकों द्वारा अस्पताल के सुरक्षा गार्डों की अनुपस्थिति और शराब खोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जॉइंट डायरेक्टर ने दोनों गार्डों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही जिम्मेदार और कार्यशील सुरक्षा कर्मियों की नई नियुक्ति करने को कहा।

### महिला डॉक्टर के कक्ष में मिले अन्य डॉक्टर

महिला रोग विशेषज्ञ के कक्ष में अन्य डॉक्टरों की मौजूदगी पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि महिला डॉक्टर के कक्ष में केवल संबंधित महिला चिकित्सक ही बैठें ताकि महिला मरीज बिना झिझक अपनी समस्या बता सकें। निरीक्षण के दौरान 108 संजीवनी सेवा में पदस्थ टीएमटी पर मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की शिकायत सामने आई। इस पर जॉइंट डायरेक्टर ने संबंधित कर्मचारी को हटाने की प्रक्रिया शुरू करने और उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की जानकारी देने के निर्देश दिए।

### एक सप्ताह का अल्टीमेटम नहीं तो होगी कार्रवाई

निरीक्षण के अंत में जॉइंट डायरेक्टर अनिल शुक्ला ने बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने, कई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने और एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उनका अगला निरीक्षण जल्द होगा और यदि खामियां दोबारा मिलीं तो बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई तय मानी जाए।

### निरीक्षण में मिली खामियां

पत्थलगांव सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया है। अस्पताल में काफी ज्यादा खामियां पाई गई हैं। उपस्थिति पंजी में डॉक्टरों एवं अन्य कमर्चारियों के हस्ताक्षर नहीं हैं। यहां तक कि पूर्व के दिनों के भी हस्ताक्षर पहले से किए हुए पाया गया है। प्रॉपर डिस्प्ले नहीं किया गया है जिससे आम जनों को जानकारी मिले हमने काफी बातों पर संज्ञान लिया है। एक से दो दिनों में डॉक्टर एवं सबंधित लापरवाही पर नोटिस जारी कर जबाब लिया जाएगा। जबाब संतोषप्रद नहीं होने पर वेतन वृद्धि रोकने से लेकर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

**-अनिल शुक्ला**, ज्वाइंट डायरेक्टर

## खबर संक्षेप

### यूडीआईडी शिविर की संशोधित तिथियां जारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड निर्माण हेतु आयोजित किए जाने वाले शिविरों की पूर्व निर्धारित तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जिले के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड निर्माण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 24 जून 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, 19 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, 09 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, 14 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, 18 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, 09 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, 13 जनवरी 2027 को जिला अस्पताल जशपुर, 17 फरवरी 2027 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी तथा 17 मार्च 2027 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा एवं 21 अप्रैल 2027 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि कि प्रथम शिविर 24 जून 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

### जिले में 4.9 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 289.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 17 जून तक सामान्य औसत वर्षा 457.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 4.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 45.0 मिमी, मनोरा में 51.8 मिमी, कुनकुरी में 49.5 मिमी, दुलदुला में 7.7 मिमी, फरसाबहार में 21.7 मिमी, बगीचा में 15.7 मिमी, कांसाबेल में 60.8 मिमी, पत्थलगांव में 22.3 मिमी, सन्ना में 15.1 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 60.8 मिमी दर्ज की गई है। 17 जून को सर्वाधिक सन्ना तहसील में 3.8 मिमी वर्षा हुई।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल, उपचार जारी

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। एनएच 130 पर ग्राम जूनाडीह स्थित चुल्हट नाला के पास दो बाइक टकरा गए जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आमगांव निवासी राजू (40 वर्ष) अपने भतीजे उकेश के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ग्राम चैनपुर निवासी अंकित गुप्ता की बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीनों बाइक सवार दूर जा गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर में चल रहा है। दूसरी घटना ग्राम लोसंगी नर्सरी के पास की है जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। दुर्घटना में कार सवर शिक्षक तीरथ राम साहू एवं उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है। शिक्षक सत्र के प्रथम दिवस अरगोती मिडिल स्कूल में अपने पत्नी के साथ पहुंचे थे। घर लौटने के दौरान चालक को झपकी आ गई तथा कार पलट गई जिससे दंपति वाहन में फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया। शिक्षक दंपति का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

# बच्चों की रुचि के अनुरूप उनकी प्रतिभा का करें विकास : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने संकल्प शिक्षण संस्थान में छत्तीसगढ़िया क्लाउड ए सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन, पुरानी टोली द्वारा आयोजित 15 दिवसीय उल्लास समर कैम्प के समापन समारोह में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। समर कैंप में बच्चों को वेस्टर्न डांस, भरतनाट्यम एवं चित्रकला का प्रशिक्षण दिया गया।

**खास बातें**
- समर कैम्प के समापन समारोह में प्रतिभागियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

इस अवसर पर संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य श्री विनोद गुप्ता, सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार पांडेय, कलाकार श्री प्रभात सिंह, नृत्य प्रशिक्षक सुश्री मनीषा भगत तथा चित्रकला प्रशिक्षक श्रीमती सुमन साहू एवं श्री टेसु सूर्यवंशी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री व्यास ने समर कैंप के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चित्रकला, नृत्य, संगीत और अन्य कलाएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने पालकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को केवल समर कैंप तक ही सीमित न रखें, बल्कि उनकी रुचि के अनुसार वर्षभर कला एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से विकसित हो रहा है और कई प्रकार की कलाकृतियां भी एआई के माध्यम से तैयार की जा रही हैं, लेकिन एक इंसान की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और विचार प्रक्रिया का कोई विकल्प नहीं है। कला ⏭ शेष पेज 4 पर



### कला केंद्र की होगी स्थापना

कलेक्टर श्री व्यास ने प्रशिक्षक आनंद पाण्डे और उनकी टीम के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस प्रयास से जिले के बच्चों कलात्मक प्रतिभा का विकास हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में एक कला केंद्र स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों को नृत्य, चित्रकला एवं अन्य कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने उत्कृष्ट चित्रकारी और नृत्यकला प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ समापन

समापन समारोह में बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं तथा चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। भरतनाट्यम में दीक्षा मिंज, शनि सिंह, वर्तिका पाठक, अथर्व पांडेय, अंशिका पांडे, समृद्धि पांडे, अभ्युदय, अमीषा कश्यप, अनन्या और अमायरा खूँटे सहित अन्य बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं चित्रकला प्रशिक्षण में अथर्व पांडे, अंशिका पांडे, दीक्षा मिंज, देवव्रत बाजपेयी, अभिनव तिवारी, प्रियम कौशल, कृषव सतपती, वेदांत मिश्रा, दिव्यांश मिश्रा और प्रियांश चौबे सहित अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** बिजली बिल के दरों में किए गए वृद्धि के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने विद्युत विभाग का घेराव किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। बेरिकेडिंग तोड़ कर विद्युत कार्यालय के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों का पुलिस के जवानों से झूमा झटकी भी हुई।

**खास बातें**
- कार्यकर्ता ने किया बिजली ऑफिस का घेराव

आंदोलन में शामिल होने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला कांग्रेस भवन में एकजुट हुए थे। यहां से रैली की शक्ल में कांग्रेसी बस स्टेण्ड पहुंचे। बस स्टेण्ड में नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस के जवानों ने पानी डाल कर पुतले की आग को बुझा दिया। बस स्टैंड से रवाना हो कर सती उद्यान तालाब, गायत्री मंदिर, पुरानी टोली होते हुए कांग्रेसी विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे। यहां कोतवाली प्रभारी देशमुख सहित पुलिस के जवान तैनात थे। पुलिस पहले से ही बेरिकेड लगा कर और प्रवेश द्वार बंद कर दिया था।

घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों ने बेरिकेट तोड़ कर कार्यालय के अंदर घुसने का प्रयास किया,लेकिन वे सफल नहीं हो सके। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने कि सरकार प्रदेश में विद्युत वितरण में 6 हजार करोड़ का घाटा बता कर, दरों में वृद्धि की है। जबकि प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों के पास ही 10 हजार करोड़ से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसलिए सरकार को आम जनता पर बोझ बढ़ाने की जगह उद्योगपतियों से बकाया बिजली बिल वसूली पर जोर लगाना चाहिए। उन्होंनें हाल कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस की कीमतों में किये गए वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार आम जरूरत की वस्तुओं की कीमत में वृद्धि कर,जनता को परेशान किया जा रहा है।



## उत्कृष्ट किसानों को मिलेगा सम्मान



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री के जशपुर प्रवास के दौरान आयोजित होने वाली कृषि प्रदर्शनी एवं किसान सम्मान समारोह के तहत जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने जिले के प्रगतिशील किसानों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया है। उप संचालक कृषि द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इसका उद्देश्य जिले के उत्कृष्ट कृषकों, जैविक-प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों और नवाचार अपनाने वालों को प्रोत्साहित करना है। इच्छुक किसान अपना नाम, ग्राम, विकासखंड, मोबाइल नंबर और प्रतियोगिता का विषय लिखकर संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या विकासखंड कृषि कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विजेताओं का चयन कृषि-उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों और जरूरत पड़ने पर स्थल सत्यापन के बाद होगा। उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी उपलब्धियां और नवाचार दिखाने की अपील की है।

## सर्वे सूची में नाम नहीं जुड़ने से नाराज विशेष पिछड़ी जनजाति समाज का प्रदर्शन



**जशपुरनगर।** विशेष पिछड़ी जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के लोग अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गए। समाज के लोग जशपुर सहायक आयुक्त कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और सर्वे सूची में नाम नहीं जोड़े जाने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्ष 2002 की सूची में नाम दर्ज नहीं होने के कारण समाज के कई लोगों को जाति प्रमाण पत्र एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों पर मामले में टालमटोल करने का आरोप लगाया। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारी करीब चार घंटे तक धरने पर बैठे रहे और समस्या के निराकरण की मांग करते रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों और समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। इसके बाद भी समाज के लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे और शीघ्र कार्रवाई की मांग करते रहे।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्षों की विकास यात्रा को जाना

# फोटो प्रदर्शनी में दूसरे दिन उमड़ी विद्यार्थियों और आमजनों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा जुदेव चौक, जशपुरनगर में आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी के दूसरे दिन स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों, किसानों एवं आमजनों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।

- स्कूली बच्चों ने एलईडी स्क्रीन पर देखीं जनकल्याणकारी योजनाएं

प्रदर्शनी स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ प्रदर्शनी स्थल पहुंचे।



विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों, सूचना पटलों एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी का अवलोकन किया। साथ ही प्रदर्शनी स्थल पर स्थापित एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और शासन की उपलब्धियों से संबंधित वृत्तचित्रों को भी रुचि के साथ देखा। प्रदर्शनी में पहुंचे कक्षा 8वीं की छात्रा इंद्रमणि सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और देश के विकास की यात्रा को करीब से देखने का अवसर मिला। वहीं कक्षा 7वीं की छात्रा सविता साय ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें विभिन्न योजनाओं और देश की उपलब्धियों के बारे में नई जानकारी मिली, जो उनके लिए प्रेरणादायक है। शिक्षकों ने भी प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को देश के विकास, शासन की योजनाओं तथा राष्ट्रीय उपलब्धियों की जानकारी देने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित जानकारी विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगी। प्रदर्शनी में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, जनधन योजना तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें शासन द्वारा आमजन के हित में किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिली है।

### जनमन पत्रिका का वितरण

जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर आगंतुकों को 'जनमन' पत्रिका, 'सुशासन के नवीन आयाम' सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण भी किया गया। पत्रिकाओं एवं पुस्तिकाओं के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि 16 से 18 जून तक आयोजित इस तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को आकर्षक छायाचित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी आमजन, विद्यार्थियों, युवाओं एवं किसानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### जिले में उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**सूरजपुर।** जिले में आज शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में किया गया। जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना, शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। विद्यालय परिसर बच्चों की मुस्कान और उत्साह से गुलजार नजर आया। शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। माध्यमिक शाला ऊंचड़ी, प्रतापपुर के कन्या माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक शाला लोलकी, रामानुजनगर के माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला बकना, ओडगी के उच्चतर माध्यमिक शाला लांजीत, प्रेमनगर के प्राथमिक शाला कनकपुर जैसी विभिन्न जगहों पर हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में अनुशासन, सहयोग, मित्रता और सामूहिक अध्ययन की भावना विकसित करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

### विकासखंड शंकरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**शंकरगढ़।** नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ के साथ ही विकासखंड शंकरगढ़ के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों द्वार खुलते ही बच्चों की चहल-पहल और मुस्कान से स्कूल परिसर गुलजार हो उठे। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर अभिभावकों, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय पहुंचकर नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का स्वागत किया। बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान शासकीय हाई स्कूल घुघरी कला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया तथा बच्चों का मुंह मीठा कराया। विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों का अवलोकन करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण किया। अधिकारियों ने विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान ने बताया कि शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ 16 जून से हो चुका है। सभी संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की बैठक लेकर यह संकल्प लिया गया है कि नए शैक्षणिक सत्र को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को उनकी कक्षा एवं विषयानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी शिक्षक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### बालिका खिलाड़ी का आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन



**सूरजपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित खेलो इंडिया सेंटर हराटिकरा की एक बालिका खिलाड़ी का चयन आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बालिका खिलाड़ी को फुटबॉल भेंट कर उसे प्रेरित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि जिले की बेटियां खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं, जो पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने खिलाड़ी को आगे भी मेहनत और लगन से अभ्यास जारी रखने और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्रीमती आरती पांडेय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेलो इंडिया सेंटर हराटिकरा के प्रशिक्षक प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

### किराना दुकान के आड़ में कर रहा था सप्लाई

# चार लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- एक दिन पूर्व किया था 2 सौ नग नशीले इंजेक्शन की सप्लाई

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के ऑपरेशन क्लीन को एक बार फिर न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी है बल्कि किराना दुकान के आड़ में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहे युवक को धर दबोचा है। टीम ने युवक के दुकान से चार लाख कीमत के चार सौ नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने दो दिन के भीतर नशीले इंजेक्शन के कारोबारी व सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 15 जून आरोपी वाहिद अंसारी के कब्जे से 200 नग नशीला इंजेक्शन जब्त कर जेल दाखिल किया गया था। आरोपी से पूछताछ करने के दौरान उसने अपने बयान में बताया था कि उसने नशीले इंजेक्शन को इमलीपारा स्थित निजी अस्पताल के सामने किराना दुकान चला रहे मोशीम अंसारी से खरीद कर लाया था। आरोपी के बयान के आधार पर संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने 15 जून की दोपहर ही इमलीपारा निजी हॉस्पिटल के सामने मोशीम अंसारी के दुकान में छापामार कार्रवाई की। जब टीम दुकान में दबिश देने पहुंची तो दुकान संचालक मोशीम अंसारी दुकान में मौजूद था। दुकान की तलाशी लेने पर काउंटर के नीचे सफेद रंग के झोले से 4 लाख कीमत की 4 सौ नगर नशीले इंजेक्शन जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी मोशीम अंसारी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी एवं 29 के तहत अपराध दर्ज कर विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।



जब्त नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी व संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम।

**50 से अधिक प्रकरण कायम**

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम द्वारा संभाग के अलग-अलग क्षेत्र में नशे के कारोबारियों एवं सप्लायर सहित विक्रेताओं के विरूद्ध धर पकड़ की कार्रवाई लगातार की जा रही है। पिछले एक साल के भीतर ही पचास से अधिक प्रकरण कायम की गई है। ऐसे में अधिकांश नशे के कारोबारी जेल में है या अवैध नशे के कारोबार को बंद कर दिए है। जो नशीली दवाइयां चोरी छिपे कर रहे है उसके विरूद्ध संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने ऑपरेशन क्लीन अभियान चलाकर धर पकड़ करना शुरू कर दिया है।

**जारी रहेगा अभियान**

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम द्वारा नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत दो दिन के भीतर दो बड़ी कार्रवाई की गई और 6 सौ नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

# प्रेमिका को बुलाकर दुष्कर्म, बंधक बनाकर बेरहमी से की मारपीट, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



- गंभीर हालत में घायल युवती को अस्पताल में कराया गया था भर्ती, केस डायरी लटोरी चौकी थाना जयनगर थाना भेजी गई

प्रेम संबंध के नाम पर युवती को बुलाकर कथित रूप से दुष्कर्म, बेरहमी से मारपीट और फिर दुर्घटना की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, बेल्ट, डंडा और मोबाइल फोन जब्त कर न्यायालय में पेश किया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर से लगे एक गांव की एक युवती को 10 जून को उसके प्रेमी 25 वर्षीय अभिषेक सिंह पिता नरेंद्रनाथ सिंह निवासी श्यामनगर भटगांव ने फोन कर चठिरमा पेट्रोल पंप के पास बुलाया था। युवती के पहुंचने पर आरोपी उसे अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर लटोरी होते हुए श्यामनगर ले गया। वहां आरोपी ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी को युवती पर किसी अन्य युवक से बातचीत करने का शक था। इसी बात को लेकर वह नाराज था। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद उसने युवती की बेल्ट, डंडे, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से पिटाई की जिससे युवती को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ने युवती को अपने घर में बंधक बनाकर रखा। अगले दिन मामले को छिपाने के लिए उसने दुर्घटना होने की झूठी कहानी रची और घायल युवती को जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया। साथ ही युवती के परिजनों को भी यह सूचना दी गई कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। जब युवती के परिजन जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचे तो उसकी गंभीर हालत देखकर उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवती ने अपने परिवार वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने थाना गांधीनगर में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। बाद में प्रकरण की डायरी चौकी लटोरी थाना जयनगर को भेजी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में लटोरी पुलिस ने मामले की जांच करते हुए साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान आरोपी अभिषेक सिंह को 16 जून को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने युवती पर दूसरे युवक से बात करने के शक की बात स्वीकार करते हुए इसी कारण नाराज होकर मारपीट करने की बात बताई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, बेल्ट, डंडा और मोबाइल फोन जब्त किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय सूरजपुर में पेश कर दिया गया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण गुप्ता के अलावा आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, सोमनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का और कुंदलाल सक्रिय रहे।

# अपचारी बालकों ने तोड़ी महात्मा गांधी की प्रतिमा, एक हिरासत में



- दाहिना हाथ, डंडा व चश्मे का एक हिस्सा तोड़ा

**अंबिकापुर।** गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने के मामले में जानकारी सामने आई है। प्रतिमा को नाबालिग बच्चों ने तोड़ा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में दो नाबालिग आरोपियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ लिया है इसके साथ ही दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

बता दें कि सोमवार को गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया था। महात्मा गांधी जी का दाहिना हाथ, डंडा और चश्मा का भाग टूटा हुआ था। इस बात की जानकारी सामने आने के बाद लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। इधर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने भी इस मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। सार्वजानिक संपत्ति और महा पुरुष की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 196(1), 299, 324(5) एवं धारा 3 सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस व साइबर सेल ने सीसीटीवी की जांच की। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि दो नाबालिग बदमाशों द्वारा प्रतिमा के हाथ, छड़ी को तोड़ दिया गया और वहीं फेंक कर भाग गए। पुलिस ने दोनों बालकों की पहचान कर ली है और इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही पुलिस दूसरे अपचारी बालक की तलाश कर रही है। वहीं नगर निगम व संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर क्षतिग्रस्त प्रतिमा के पुर्नस्थापना एवं मरम्मत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



- शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का सूरजपुर कलेक्टर ने किया निरीक्षण
- शपथ ग्रहण समारोह को भव्य रूप देने की तैयारी पूर्ण, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में प्रथम निर्वाचन प्रक्रिया के संपन्न होने उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज बुधवार 17 जून को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे,कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे, अन्य विशिष्ट अतिथियों में केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने मंगलवार को आयोजन स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच, पेयजल, वीआईपी मूवमेंट एवं सुरक्षा मानकों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समारोह की प्रत्येक व्यवस्था सुचारू एवं गरिमापूर्ण हो तथा किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रितेश जायसवाल सहित सभी 15 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद 17 जून को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। नगर पंचायत के गठन के उपरांत यह प्रथम अवसर होगा जब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की परिषद शिवनंदनपुर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करेगी।

**कांग्रेसी पार्षदों ने अलग से शपथ दिलाने एसडीएम को दिया ज्ञापन**

बुधवार को नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने मंगलवार को सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत शिवनंदनपुर कार्यालय में अपराह्न 3 बजे कांग्रेसी पार्षदों को अलग से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह, रमेश दनोदिया, इस्माइल खान, संजय सोनी, विकास सिंह पार्षद चंदन सिंह, अंशुल गोयल, हर्ष दनोदिया,विमला सिंह, बिजेंद्र सिंह, दीपमाला सोनी, संतोष जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था पर लगा प्रश्न चिन्ह, कार्रवाई की मांग



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किए जाने जाने को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता की नयी प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही साथ प्रतिमा खंडित करने वाले पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को यह जानकारी मिली थी कि गांधी चौक स्थित राष्ट्रपति की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया है। ऐसा दूसरी मर्तबा हो रहा है कि गांधीचौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित किया गया है। ज्ञापन सौपने के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरगुजा पुलिस अधीक्षक के निवास के ठीक बगल में गांधीजी की प्रतिमा के साथ यह बर्ताव सुरक्षा व्यवस्था पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान माहौल में यह गंभीर जांच का विषय है कि कहीं इसके पीछे कोई मनोविकार वाली सुनियोजित विचारधारात्मक सोच तो नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से तत्काल सम्मानजनक तरीके से नयी प्रतिमा को स्थापित करने की मांग की है साथ ही प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है। सरगुजा कलेक्टर ने प्रतिनिधी मंडल को यह जानकारी दी है कि सरगुजा एसपी द्वारा इस मामले की गहन जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। जांच के निष्कर्ष को शीघ्र साझा किया जाएगा। इस दौरान द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, मो. इस्लाम, विनित विशाल जायसवाल, अमित सिंह एवं रत्नेश कुमार शामिल थे।

## प्रतापपुर के बीईओ बने पांडे

**प्रतापपुर।** विकासखंड में एक दशक बाद प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी की जगह नया बीओ अरुण पांडे को नियुक्त किया गया है। लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों और लगातार हो रही शिकायतों के बीच यह फैसला बड़ी राहत माना जा रहा है।

ज्ञात हो कि प्रतापपुर विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार गंभीर शिकायतें सामने आती रही हैं। जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षकों और ग्रामीणों द्वारा कई बार कलेक्टर, संभागायुक्त तथा उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी गईं। आरोप लगते रहे कि स्कूलों की व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, शिक्षा का स्तर प्रभावित हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी करीब 10 वर्षों तक प्रतापपुर में जमे है। कई गंभीर आरोपों और विवादों के बाद उन्हें प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता गया। क्षेत्रवासियों का मानना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के कारण शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। शासन द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी कर अरुण कुमार पांडे को प्रतापपुर का नया विकासखंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने शहर की विभिन्न व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने विगत दिवस नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का रात्रिकालीन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्विमिंग पूल, चौपाटी, कृष्ण कुंज एवं सब्जी मार्केट का भ्रमण किया।

चौपाटी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि चौपाटी में नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग यहां खान पान के लिए पहुंचते हैं, इसलिए स्वच्छता एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने चौपाटी क्षेत्र में मवेशियों के विचरण पर भी चिंता व्यक्त करते हुए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। सब्जी बाजार के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अग्रसेन चौक में लगने वाली सब्जी दुकानों को व्यवस्थित रूप से निर्धारित सब्जी मार्केट में संचालित कराने के निर्देश दिए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्विमिंग पूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां की सदस्यता, संचालन व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने कृष्ण कुंज का निरीक्षण कर वहां रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन में महिला यात्री की बैग और दो मोबाइल चोरी

**रायगढ़।** नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला यात्री चोरी की वारदात का शिकार हो गई। महिला ने आरोप लगाया है कि यात्रा के दौरान अज्ञात चोरों ने उसका बैग और दो मोबाइल फोन पार कर दिए। मामले की शिकायत रायगढ़ जीआरपी थाने में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ के इंदिरा नगर निवासी श्रीमती पद्मावती थवाईत अपने पति अरुण कुमार थवाईत के साथ 13 जून को नर्मदा एक्सप्रेस से उज्जैन से बिलासपुर की यात्रा कर रही थीं। दोनों का आरक्षण बी.4 कोच की सीट नंबर 5 और 6 पर था। पीड़िता के मुताबिक रात करीब 12 बजे वह सो गई थीं। सुबह लगभग 6 बजे जब ट्रेन नीवार स्टेशन के पास पहुंची तो उनकी नींद खुली। इस दौरान तकिए के पीछे रखा पर्स और सीट के नीचे रखा काले रंग का बैग गायब मिला। कोच में तलाश करने पर पर्स ट्रेन के शौचालय में मिला, लेकिन उसमें रखे दोनों मोबाइल फोन चोरी हो चुके थे। महिला ने बताया कि चोरी हुए सामान में 2 मोबाइल, पावर बैंक, मोबाइल चार्जर, कॉस्मेटिक सामग्री और कुछ कपड़े शामिल हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए बताई गई है। यात्रा समाप्त होने के बाद बिलासपुर से रायगढ़ के लिए तत्काल ट्रेन मिलने के कारण वह शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। बाद में उन्होंने रायगढ़ जीआरपी थाने पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरी गए मोबाइलों की तलाश की जा रही है।

## दैनिक प्रार्थना गतिविधियों पर किया जाए पुनर्विचार कांग्रेस अल्प संख्यक प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों के लिए अनिवार्य किए गए दैनिक प्रार्थना गतिविधियों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने सरगुजा कलेक्टर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। राज्य सरकार ने स्कूलों के लिए जो दैनिक प्रार्थना नियम जारी किए है वो एक धर्म विशेष की धार्मिक आस्थाओं पर आधारित है। सरकार का यह आदेश देश की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं होने के कारण अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रशीद अंसारी के नेतृत्व में पुनर्विचार के निवेदन के साथ एक ज्ञापन सौंपा है।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने कहा कि देश मे पेपर लीक, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा में अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर काम करने की आवश्यकता है। इन मुद्दों पर काम करने के बजाय सरकार स्कूलों को बेवजह साम्प्रदायिक राजनीति का अखाड़ा बना रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि वो इस आदेश पर पुनर्विचार करे। अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने कहा कि कांग्रेस ने देश के बहुधार्मिक चरित्र को ध्यान रखकर देश मे शिक्षा क्षेत्र में धर्म के बजाय वैज्ञानिक सोच बढ़ाने की आवश्यकता को समझ शिक्षा नीतियों के बनाया था।

## पीजी कॉलेज ने प्रवेश के लिए जारी की मेरिट सूची

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2026- 27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं के लिए मेरिट लिस्ट 16 जून को जारी कर किया गया है। जिले का एकमात्र स्वशासी महाविद्यालय है जहां पिछले दो वर्षो से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है। प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए का प्रवेश 16 जून से शुरू हो गया है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत ऑनर्स पाठ्यक्रम संचालित है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है तथा छात्रों को शुल्क जमा करने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

लाइफ Style



# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



*बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक : इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

*नई दिल्ली। हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन

**घरघोड़ा।** एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के 28 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष अभियान में आसपास के 13 गांवों से चयनित 40 बालिकाओं ने भाग लिया। समापन समारोह में शिवम श्रीवास्तव, निदेशक ईंधन, एनटीपीसी लिमिटेड एवं अध्यक्ष, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड एवं श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक, एनएमएल तलईपल्ली एवं श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्षा, तिलोत्तमा महिला समिति सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, तिलोत्तमा महिला समिति की सदस्याएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष रूप से दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरण तथा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के प्रतिभागियों को साइकिल वितरण से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने गतिविधि कक्ष का भ्रमण किया, जहां बालिकाओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं परियोजनाओं का अवलोकन किया गया।

### टीकाकरण और संस्थागत प्रसव पर जोर

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में टीकाकरण, संस्थागत प्रसव एवं हाईरिस्क गर्भवती माताओं की निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीईटीओ, बीपीएमए बीडीएम, बीएम, मितानिन समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में राज्य स्तर पर 10 जून को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य एवं चिरायु कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।

### लेप्स बीमा पॉलिसियों को पुनर्जीवित कराने का अवसर

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के उन पॉलिसीधारकों को बड़ी राहत प्रदान की गई हैए जिनकी पॉलिसियां किसी कारणवश लेप्स निष्क्रिय हो गई हैं। विभाग ने ऐसे ग्राहकों को अपनी पॉलिसियों को पुनः सक्रिय रिवाइवल कराने का विशेष अवसर उपलब्ध कराया है। अधीक्षक डाक रायगढ़ संभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक जीवन बीमा अधिनियम.2011 के नियमों के तहत लेप्स पॉलिसियों को पुनर्जीवित करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए पॉलिसीधारकों को अपने अच्छे स्वास्थ्य का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। विभाग ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम डाकघर में संपर्क कर शीघ्र अपनी निष्क्रिय पॉलिसियों को पुनर्जीवित कराएं ।

## पेज 1 का शेष

### बच्चों की रुचि ...

हमारी आत्मा से जुड़ी होती है और इसी के माध्यम से व्यक्ति अपनी प्रतिभा एवं कौशल को दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि यदि किसी बच्चे की रुचि नृत्य, संगीत, चित्रकला, पेंटिंग, स्कल्पचर अथवा अन्य किसी कला विधा में दिखाई देती है तो पालकों को उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे बच्चों की रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है।

---

### बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों पर मंडरा रहा संकट

# बरमकेला ब्लॉक के 43 स्कूलों का भवन ही नहीं, पंचायतों में लग रही क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला ब्लॉक के 43 स्कूल ऐसे हैं जो भवन विहीन हैं अथवा नए भवन की आवश्यकता वाले विद्यालयों की श्रेणी में शामिल हैं। हालात यह है कि कहीं पंचायत भवन तो किसी के बरामदे में बच्चों की क्लास लगाई जा रही है। खास बात यह है कि इन सब अव्यवस्थाओं के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालकों की चिंता बढ़ गई है। जिन विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त और सुरक्षित भवन ही उपलब्ध नहीं है, वहां शाला प्रवेश उत्सव कहां और कैसे मनाया जाएगा।

जिन स्कूलों का भवन नहीं है उसमें प्राथमिक शालाओं में धनीगांव, कमरीद, बम्हनीपाली, सेमरापाली, खोरीगांव, कन्या सरिया, खैरगड़ी, अमलीपाली, भकुर्रा, छोटे आमकोनी, डडाईडीही, बैगिनडीही, हॉस्टलपारा बरमकेला, कटंगपाली ब, बारादावन, कपरतुंगा, पीपरखूंटा, टीटहीपाली, घुंचापाली, मानिकपुर बड़े, बरगांव, झीकीपाली, भराली, सहजबाल, तिलाईदादर, लिंजिर, विजयपुर, साल्हेवोना, केरमेली, दमदमा, सुरसी, कोतरा, बेहराबहाल, गौरडीह, परसकोल, रंगाडीह, साथर तथा ठेंगागुणी शामिल हैं।

वहीं माध्यमिक शालाओं में लुकापारा, बालक सरिया, गौरडीही, परधीयापाली तथा कन्या स्कूल तौसीर भवन विहीन अथवा भवन की आवश्यकता वाले विद्यालयों की सूची में शामिल हैं। भवन की कमी के कारण कई विद्यालयों में पढ़ाई वैकल्पिक व्यवस्थाओं के सहारे संचालित की जा रही है। कहीं किसी ग्रामीण के घर के बरामदे में कक्षाएं लग रही हैं तो कहीं पंचायत भवन या अन्य सार्वजनिक भवनों में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। वर्षों से चल रही यह व्यवस्था अब बच्चों पालकों और शिक्षकों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। अस्थायी व्यवस्थाओं के भरोसे शिक्षा व्यवस्था को चलाना मजबूरी बन गई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठाकर पढ़ाना चुनौती बन जाता है। कई जगह पर्याप्त कक्ष नहीं होने के कारण एक ही स्थान पर अलग अलग कक्षाओं का संचालन करना पड़ता है, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।




भवन विहीन एवं जर्जर विद्यालयों की जानकारी पिछले शिक्षा सत्र के दौरान ही समय रहते उच्च कार्यालय को भेज दी गई थी। विभाग द्वारा आवश्यक प्रतिवेदन और प्रस्ताव पहले ही प्रेषित किए जा चुके हैं।
**मुकेश कुर्रे, बीईओ बरमकेला**

#### मध्याह्न भोजन से लेकर शौचालय तक परेशानी

इन विद्यालयों में केवल भवन की समस्या ही नहीं है, बल्कि मध्याह्न भोजन के संचालन से लेकर शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर भोजन वितरण के लिए उचित स्थान नहीं है, वहीं बच्चों को स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

#### भवन नहीं होने से घट रही छात्र संख्या

ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि भवन नहीं होने अथवा पर्याप्त सुविधाओं के अभाव के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश दूसरे विद्यालयों में कराने लगे हैं। इसका सीधा असर इन विद्यालयों की छात्र संख्या पर पड़ रहा है। शासन जहां शत प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं भवन जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव इन प्रयासों को कमजोर कर रहा है।

---

## बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों परिवारों को मिला परामर्श



**नियमित उपचार, रक्त शर्करा निगरानी एवं आत्म-प्रबंधन पर हुई चर्चा**

**जशपुरनगर।** बाल मधुमेह (टाइप-1 डायबिटीज) से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को निरंतर उपचार, परामर्श एवं बेहतर जीवन प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति, जशपुर द्वारा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एकम फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से रोगी सहायता समूह की फॉलो-अप बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में 6 बाल मधुमेह प्रभावित बच्चों एवं उनके 8 अभिभावकों/ देखभाल कर्ताओं सहित कुल 32 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

बैठक का उद्देश्य बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों को रोग के बेहतर प्रबंधन, नियमित रक्त शर्करा जांच, इंसुलिन उपचार, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा उनकी समस्याओं एवं अनुभवों को साझा करने के लिए एक सहयोगात्मक मंच उपलब्ध कराना था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल मधुमेह एक ऐसी स्थिति है जिसके लिए नियमित देखभाल एवं उपचार की आवश्यकता होती है। उन्होंने परिवारों से बच्चों की नियमित जांच, समय पर इंसुलिन सेवन एवं चिकित्सकीय सलाह का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग ऐसे बच्चों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रोगी सहायता समूह की बैठकें बच्चों एवं उनके परिवारों को मानसिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक सहयोग प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े रहने तथा नियमित फॉलो-अप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.जानकी भगत ने बाल मधुमेह के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. उदय भगत ने प्रतिभागियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, जांच सुविधाओं एवं नियमित फॉलो-अप की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीपीएम राजीव रंजन मिश्रा,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, शिशु रोग विशेषज्ञ, जिला एनसीडी नोडल अधिकारी तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

---

## कुनकुरी में 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने के अभियान के तहत कुनकुरी क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है।



33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कुनकुरी में 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। इसके साथ ही कुनकुरी नगर के लिए बहुप्रतीक्षित अतिरिक्त 11 केवी फीडर का निर्माण एवं चार्जिंग कार्य भी पूरा कर लिया गया है।नए ट्रांसफार्मर की स्थापना आसान नहीं थी। इसके लिए विभाग को कई तकनीकी एवं संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कार्यस्थल पर पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने के लिए दो डीपी को स्थानांतरित किया गया, अनुपयोगी नियंत्रण कक्ष को हटाया गया तथा पुराने ट्रांसफार्मर प्लिंथ की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। सभी आवश्यक तैयारियों के बाद आज ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए किए जाने से क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं अतिरिक्त 11 केवी फीडर शुरू होने से कुनकुरी नगर में विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन होगा, ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी तथा उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## नियमित प्राचार्य की नियुक्ति की मांग तेज

**जशपुरनगर।** जशपुर जिला जनजातीय बाहुल्य जिला है, जिले के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में से एक शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर को उच्च शिक्षा की जननी भी कहा जाता है। पिछले एक वर्ष से महाविद्यालय की दयनीय स्थिति को देखते हुए नगर के बुद्धिजीवी, पूर्व छात्र व छात्राओं ने महाविद्यालय में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर विद्यार्थियों, शिक्षकों, पूर्व विद्यार्थियों तथा शिक्षा प्रेमियों के बीच चर्चा तेज हो गई है। उनका कहना है कि महाविद्यालय के समग्र विकास, प्रशासनिक दक्षता और दीर्घकालिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित प्राचार्य की नियुक्ति आवश्यक है। विद्यार्थियों का कहना है कि आधुनिक पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, शोध सुविधाएं, खेल संसाधन, डिजिटल शिक्षा और परिसर के आधुनिकीकरण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## कार्यशाला में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने लिया हिस्सा

**जशपुरनगर।** महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, करियर निर्माण और सामाजिक नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष, जशपुर में एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन एवं युवा जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, यूनिसेफ, जय हो जशपुर, रौनियार महिला शक्ति, एग्रीकोन समिति एवं रानी दुर्गावती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार एवं डीएसपी आशा तिर्की उपस्थित रहीं। वहीं प्रशिक्षक के रूप में बाल संरक्षण अधिकारी शीखा, महिला एवं बाल विकास विभाग से अंजना, संगवारी संस्था से ज्योति विक्रम, रितु एवं उमा ने सहभागिता की। कार्यक्रम के संयोजन एवं नेतृत्व की जिम्मेदारी जिला समन्वयक सुश्री शालिनी गुप्ता, विकासखंड प्रमुख गुरुदेव प्रसाद तथा रौनियार महिला शक्ति की अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने संभाली। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर डीएसपी आशा तिर्की ने महिलाओं को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे, ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए महिलाओं को किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी।



#### नेतृत्व कर रहीं महिलाएं

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, व्यवसाय, विज्ञान और सामाजिक नेतृत्व सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही समाजहित में लगातार कार्य कर रही जय हो जशपुर टीम की सराहना करते हुए रौनियार महिला शक्ति को एक प्रेरणादायी और सशक्त महिला समूह बताया। बाल संरक्षण अधिकारी शीखा ने महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों तथा ऑनलाइन और सामाजिक स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधि अंजना ने महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा योजनाओं एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक सुश्री शालिनी गुप्ता ने ₹पढ़ाई का कोना₹, बाल विवाह उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता के विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

---

# पुलिस बता रही मारपीट के आरोपों को निराधार, जारी की सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल में हुई संजय बघेल की मौत के बाद बीते तीन दिनों से बवाल मचा हुआ है। इस बीच पुलिस की हो रही किरकिरी को लेकर एसएसपी ने मंगलवार को मीडिया के सामने पुलिस का पक्ष रखा। इधर रुपए लेने की शिकायत पर दो पुलिस जवानों को लाइन अटैच भी कर दिया है। यदि रुपए लेने का आरोप निराधार है तो लाइन अटैच पर भी सवाल उठ रहा है।

जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी संजय बघेल की मौत के मामले में उठे सवालों के बीच एसएसपी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपना पक्ष सामने रखा। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने थाना कोतरारोड के सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल दस्तावेज और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दावा किया कि गिरफ्तारी से लेकर जेल भेजे जाने तक आरोपी के साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई। पुलिस के अनुसार संजय बघेल को 10 जून 2026 को आबकारी अधिनियम के तहत अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया था। कार्रवाई के बाद उसे दोपहर 12:43 बजे थाना कोतरारोड लाया गया, जहां वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर 2:15 बजे उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई। एसएसपी ने मीडिया को दिखाए गए सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी को बंदीगृह के बाहर बैठाया गया था तथा उसके परिजनों को तत्काल सूचना दी गई थी। फुटेज में आरोपी को पानी उपलब्ध कराते, भोजन कराते तथा परिजनों से बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के भाई अजय बघेल और परिवार के अन्य सदस्य थाना पहुंचे थे और उनकी मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। फुटेज में आरोपी सामान्य स्थिति में दिखाई देता है। पुलिस के मुताबिक शाम करीब साढ़े 4 बजे आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया था। परीक्षण के दौरान संजय बघेल ने चिकित्सक को किसी प्रकार की मारपीट या शारीरिक तकलीफ की शिकायत नहीं की। मेडिकल रिपोर्ट में उसे सामान्य और फिट बताया गया था। इसके बाद उसे न्यायालयीन प्रक्रिया पूरी कर शाम करीब 6:30 बजे जेल दाखिल कराया गया।



#### पीएम रिपोर्ट पर पुलिस का दावा

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने बताया कि प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर मौजूद चोटों को मृत्यु का प्रत्यक्ष कारण नहीं बताया गया है। रिपोर्ट में मृत्यु के वास्तविक कारणों के निर्धारण के लिए हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच और विसरा परीक्षण कराने की अनुशंसा की गई है। पुलिस का कहना है कि अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने यह भी स्वीकार किया कि मृतक के परिजनों द्वारा कुछ पुलिसकर्मियों पर रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले के जांचकर्ता प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू और आरक्षक शंभू चौहान को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि शिकायत की जांच डीएसपी मुख्यालय स्तर पर कराई जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

#### न्यायिक जांच जारी

उल्लेखनीय है कि संजय बघेल की मौत की न्यायिक जांच जेएमएफसी रायगढ़ द्वारा की जा रही है। दूसरी ओर मृतक के परिजन पुलिस पर मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है, जबकि पूरे मामले की सच्चाई न्यायिक जांच और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## नपा ने किया पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना के तहत पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन सारंगढ़ के मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, ज्योति लाल पटेल के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम वर्षा बंसलए तहसीलदार प्रकाश पटेल, नगरपालिका सीएमओ ज्ञानपुंज कुलमित्र, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बैंक प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महोत्सव में जिले के विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे।

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)**
**-:: आम सूचना ::-**
सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर द्वारा दीनदयाल आवास पत्थलगांव, जिला-जशपुर में निर्मित भवन क्रमांक LIG-118 का आबंटन स्व-वित्तीय आधार पर आबंटन आदेश क्रमांक 3116 दिनांक 22.08.2017 के तहत श्रीमती मीनादेवी पति श्री नरेन्द्र राजवाडे के नाम से आबंटित है।
आबंटिती श्रीमती मीनादेवी द्वारा भू-खण्ड/भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
दिनांक: 15/06/2026
**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)**

---

## किसानों को खाद-बीज की नहीं हो रही कमी

**जशपुरनगर।** खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कृषि ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है, जिससे किसानों को खेती - किसानी के लिए आवश्यक सामग्री आसानी से उपलब्ध हो रही है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी एवं उर्वरकों के अवैध विक्रय पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने बताया कि किसानों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभागीय मैदानी अमले गांव-गांव पहुंचकर किसानों को हरी खाद के उपयोग, जैविक विकल्पों को अपनाने तथा मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने संबंधी जानकारी दे रहे हैं। किसानों को खेतों में हरी खाद के उपयोग के माध्यम से नाइट्रोजन एवं फॉस्फेटिक तत्वों की पूर्ति करने की सलाह भी दी जा रही है। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। पहले जिले में 24 सहकारी समितियां संचालित थीं, जो अब बढ़कर 44 हो गई हैं। इससे किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है, जिससे समय और परिवहन व्यय दोनों की बचत हो रही है। वर्तमान स्थिति में जिले की 44 सहकारी समितियों में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का कुल 9285 मीट्रिक टन भंडारण किया गया है। इनमें से अब तक 3681 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसी प्रकार धान बीज का 6836 क्विंटल भंडारण किया गया है, जिसमें से 1872 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। समितियों में खाद एवं बीज का भंडारण लगातार जारी है, जिससे आगामी कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। किसानों को खेती के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि ऋण वितरण भी किया जा रहा है।



#### खास बातें


- सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण एवं वितरण जारी
- 9,285 मीट्रिक टन खाद और 6,836 क्विंटल बीज का भंडारण

## सड़क किनारे पेड़ पर बांस-बल्ली, दुर्घटना की आशंका, ग्रामीणों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

बिलासपुर मार्ग पर ग्राम पंचायत चंदाई में सड़क किनारे स्थित नीम के पेड़ पर बांस बल्ली को असावधानीपूर्वक खड़ा कर रखे जाने से दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज आंधी तूफान के दौरान सड़क किनारे रखा गया बांस बल्ली गिर सकता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों तथा आसपास के लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।चंदाई गांव में आवासीय मकानों एवं आईटीआई परिसर की बाउंड्रीवाल के पास सड़क किनारे नीम के पेड़ में बांस.बल्ली विक्रय हेतु रखी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार तेज हवा के दौरान बांस बल्ली हिलने और गिरने की स्थिति बन जाती है, जिससे सड़क पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आईटीआई के विद्यार्थियों एवं राहगीरों ने भी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन जिले के कई वरिष्ठ अधिकारियों का आवागमन होता है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त